An Initiative of CollComm

collcom
Empowering Youth through Community Service

ISBN: 978-81-964715-1-4

Vol 8, Issue July 2023

CYBER संस्कार

साइबर अपराध के खिलाफ एक कदम

पार्ट-टाइम जॉब ऑफर



पहले मिला 150 Rs का रिटर्न और अंत में 42 लाख रुपये का लगा चूना

WARNING

प्रीपेड टास्क स्कैम

लेखक

प्रीतेश मिश्रा, डॉ गौरव कुमार

लाइकिंग यूट्यूब वीडियो स्कैम !

साइबर संस्कार : लाइकिंग यूट्यूब वीडियो स्कैम !

प्रीतेश मिश्रा, डॉ गौरव कुमार

प्रकाशक : कॉलकम

1043/2, मेहरावाली अपार्टमेंट,
महरौली नई दिल्ली, 110030, भारत

संपर्क: +91 -9868189955

ईमेल: pr@collcom.org

वेबसाइट: www.collcom.org

© कॉलकम

प्रथम संस्करण : जुलाई 2023

मूल्य : ₹ 49

मुद्रक : कॉलकम, इंडिया

ISBN : 978-81-964715-1-4

विषय-सूची

लाइकिंग यूट्यूब वीडियो स्कैम !

- क्या है यूट्यूब विडियो लाइक स्कैम
- सच्ची घटनाओं के माध्यम से फ्रॉड को समझना
- फ्रॉड के पीछे के सत्य को समझना
- बचने के उपाय
- फ्रॉड के प्रति कानूनी कार्रवाई
- फ्रॉड होने पर शिकायत कहाँ करे
- मैग्जीन के पिछले संस्करण

'लाइकिंग यूट्यूब वीडियो के नाम पर ठगी का अंबार!'

INDIA TODAY

News / Technology / News / Noida woman falls for WhatsApp part-time job offer scam, loses Rs 4.3 lakh by liking YouTube videos

Noida woman falls for WhatsApp part-time job offer scam, loses Rs 4.3 lakh by liking YouTube videos

A woman residing in Noida received a message on WhatsApp offering her a part-time job. She was asked to like YouTube videos to earn money. The scammers duped the woman of Rs 4.3 lakh.

tech.hindustantimes.com

HT TECH — MAKE LIFE SIMPLE

Home > Tech > News > WhatsApp Scam alert! ...

WhatsApp Scam alert! Woman tricked out of Rs. 4.3 lakh in YouTube 'likes' fraud

लाइकिंग यूट्यूब वीडियो घोटाला: नोएडा की महिला से ₹ 13.32 लाख की ठगी

INDIA TODAY

News / Technology / News / Karnataka woman loses more than Rs 8 lakh to a new YouTube scam, you could be next

Karnataka woman loses more than Rs 8 lakh to a new YouTube scam, you could be next

Have you received a work from home opportunity message on WhatsApp? Do not fall for it or you will end up losing all your money

Check the WhatsApp messages that made woman lose Rs 27 lakh in 'YouTube like' scam

TIMESOFINDIA.COM / UPDATED: APR 26, 2023, 15:20 IST

INDIA TODAY

News / Technology / News / Many Indian WhatsApp users have lost lakhs by clicking on links and liking YouTube videos, you could be next

Many Indian WhatsApp users have lost lakhs by clicking on links and liking YouTube videos, you could be next

Scammers are offering lucrative part time job opportunities to WhatsApp users. The part time offer include tasks like wa...

अंग्रेजी समाचार > तकनीकी

यूट्यूब वीडियो लाइकिंग घोटाले में मुंबई के एक व्यक्ति को 8.5 लाख रुपये का नुकसान हुआ

Whatsapp Scam: व्हाट्सएप पर एक क्लिक से महिला के 21 लाख रुपये चुटकियों में हुए गायब

IT company employee falls prey to 'liking videos' scam, loses Rs 42 lakh to fraudsters

india.com

Part-Time Job Scam: Pune Woman Falls For 'Earn Money By Liking YouTube Video' Trick,

Home / Technology / News / Mumbai man falls for liking YouTube videos to earn money scam, loses Rs 8.5 lakh

Mumbai man falls for liking YouTube videos to earn money scam, loses Rs 8.5 lakh

A Mumbai-based man was duped of over Rs 8.5 lakh when he tried to earn money by liking YouTube videos. The police say that the

SPECIAL REPORT

लाइकिंग यूट्यूब वीडियो स्कैम !

आज हम एक ऐसे प्लेटफ़ॉर्म (यूट्यूब) के नाम से हो रहे फ्रॉड के बारे में चर्चा कर रहे है जिसके भारत में 467 मिलियन (46.7 करोड़) से अधिक मासिक उपयोगकर्ता हैं और आपको जानकर हैरानी होगी कि वर्तमान में 10 में से 6 लोग लाइव टीवी के बजाय ऑनलाइन वीडियो प्लेटफॉर्म देखना पसंद करते हैं जिसका फायदा अप्रत्यक्ष रूप से साइबर स्कैमर उठा रहे है।

व्हाट्सएप पर पार्ट-टाइम जॉब ऑफर





लाइकिंग यूट्यूब वीडियो स्कैम क्या है?

आपको +60 (मलेशिया), +84 (वियतनाम), +62 (इंडोनेशिया), +27 (दक्षिण अफ्रीका), +251 (इथियोपिया), +1 (यूनाइटेड स्टेट) आदि से शुरू होने वाले देश कोड वाले विदेशी नंबरों से व्हाट्सएप पर मिस्ड कॉल आये होंगे या एक मैसेज मिलता है (आज कल तो इंडियन नंबर +91 से भी मैसेज आ रहे है) जिसमे आपको एक बहुत ही आसान पार्ट टाइम जॉब ऑफर किया जाता है जिसमे बताया जाता है की आपको हमारे द्वारा भेजे गए प्रति यूट्यूब वीडियो को लाइक या चैनल को सब्सक्राइब करके 50 रूपए कमा सकते है और इसी प्रकार प्रतिदिन ₹3000 - ₹5000 तक कमा सकते है। आपका विश्वास जीतने के लिए कुछ पैसे अकाउंट में भेज भी दिए जाते है परंतु वास्तव में ये एक छलावा होता है और आपको अधिक पैसे का लालच दिखाकर वो इन्वेस्टमेंट टास्क (प्रीपेड टास्क) के हनी ट्रैप जाल में फसाते है और ठगी को अंजाम देते है।

ये सारा स्कैम व्हाट्सएप से शुरू होकर टेलीग्राम एप्लीकेशन और फेक ई-कॉमर्स, कैशबैक और इन्वेस्टमेंट वेबसाइट एप्लीकेशन के माध्यम से किया जाता है। कुछ सच्ची घटना पर आधारित इस फ्रॉड को आगे समझाया गया है, इस मैगज़ीन को पूरा जरूर पढ़े और अपने परिवार, रिश्तेदारों, दोस्तों, और शिक्षकों को भी जरूर शेयर करे ताकि सभी इस प्रकार के स्कैम से जागरूक रहे।

SPECIAL REPORT

सच्ची घटना पर आधारित

नीचे स्कैमर और विक्टिम के बीच हुए वार्तालाप से हम इस फ्रॉड के तरीके को समझने का प्रयत्न करेंगे, शुरुवात के सारे कम्युनिकेशन व्हाट्सप्प पर होता है जब तक यूजर वीडियो लाइक जॉब करने के लिए हाँ ना बोल दे ।

क्या मैं आपका कुछ समय ले सकता हूँ ?

ये एक ओलिविया मर्फी डिजिटल कंपनी है, जहाँ आपको प्रति यूट्यूब चैनल सब्सक्राइब या लाइक करने के 50 Rupee मिलेंगे और एक दिन के लगभग 3000 रूपए तक घर बैठे बैठे आप कमा सकते है।



जी बिल्कुल

ठीक है भेजिए।

मैं अभी आपको 2 चैनल के लिंक भेज रहा हूँ जिसको सब्सक्राइब और लाइक करने के बाद आपको 100 रुपए दिए जायेंगे। आप सब्सक्राइब करने के बाद स्क्रीन शॉट भेजिए।

ठीक है।

यूजर द्वारा स्क्रीन शॉट भेजा गया।

बहुत बढ़िया !
टास्क पूरा करने के लिए धन्यवाद अब आप टेलीग्राम पर अपने सैलरी के लिए रिसेप्सनिस्ट से संपर्क करे।
आपका कोड: 8736860###, रिसेप्सनिस्ट **टेलीग्राम id- @safira_official00**

मैसेज करने के बाद आप स्क्रीन शॉट भेजे।

स्कैमर ने यूजर को टेलीग्राम इनस्टॉल करवाया और बताये गए रिसेप्सनिस्ट को मैसेज करके स्क्रीन शॉट भेजने के लिए कहा

यूजर द्वारा टेलीग्राम पर रिसेप्सनिस्ट को किये गए कम्युनिकेशन का स्क्रीन शॉट स्कैमर को भेजा गया।

अब तक के किए गए वार्तालाप में यूजर के मन में कही न कही शक था कि इतना आसान काम नहीं हो सकता, इस काम के लिए भला कोई क्यों पैसे देगा परंतु आगे क्या हुआ, कितने पैसे मिले या नहीं मिले, किस तरह से हनी ट्रैप किया गया, आगे देखते है। अब सैलरी अकाउंट में लेने और आगे हनी ट्रैप के जाल बिछाने के लिए टेलीग्राम का इस्तेमाल किया जाता है ।

आपका अपवर्क वीडियो कैंपेन में स्वागत है।

आपका कोड सत्यापित हो चुका है, अब आपको अपनी कुछ और जानकारियाँ देनी है जिसके बाद आप हमारे वर्क फ्रॉम होम एम्प्लॉई बन जायेंगे |



यूजर द्वारा मांगी गयी डिटेल भेज दी गई।

सैलरी के लिए अपना बैंक डिटेल भेजिए।

यूजर द्वारा बैंक डिटेल भेजी गई।

डिटेल भेजने के कुछ ही समय में 100 rupee अकाउंट में क्रेडिट हो जाते है। अब यूजर को काफी हद तक सब कुछ ठीक लगने लगता है। उसे यकीन होने लगता है सब कुछ सही है, पार्ट - टाइम जॉब भी ऑथेंटिक है |



कुछ ही देर में यूजर को फोन पर 100 रुपए प्राप्त होने का संदेश मिलता है।

अब यूजर को एक टेलीग्राम में एक चैनल से जोड़ा जाता है, जहाँ पर और भी बहुत सारे यूजर होते है और लगातार टास्क दिए जाते है। यहाँ टास्क के दो प्रारूप होते है - पहला प्रारूप एक साधारण टास्क जहाँ वीडियो को लाइक और सब्सक्राइब करना होता है और दूसरा प्रारूप जो इन्वेस्टमेन्ट प्रीपेड टास्क के रूप में होता है जहाँ इन्वेस्ट करते ही आपको उसका डेढ़ - गुना या दो गुना तक रिटर्न मिलता है। प्रत्येक यूजर को सामान्य टास्क के साथ साथ प्रीपेड टास्क (इन्वेस्टमेंट) में भी इन्वेस्ट करने के लिए कहा जाता है।

इस प्रीपेड task में अलग अलग कमीशन जुड़े है -
जैसे 1000 Rs इन्वेस्ट करने पर 1300 रूपए का कैशबैक बोनस
3000 Rs पर 3900 रूपए तक का कैशबैक बोनस, इसी प्रकार 2 लाख इन्वेस्ट करने पर 2 लाख 60 हजार रुपये



इस चैनल ग्रुप में कई ऐसे इन्वेस्टमेंट और कैशबैक पेमेंट के स्क्रीनशॉट थोड़े-थोड़े अंतराल पर शेयर किया जाता है ताकि इसे देख कर आप और उत्साहित होकर इसमें इन्वेस्ट करने के लिए आकर्षित हो, और इस ट्रैप में फसते चले।



ये पूरा प्रक्रिया एक से तीन दिन में होता है, और अधिकतर ग्रुप में जुड़े यूजर सामान्य टास्क (वीडियो लाइक) पूर्ण कर रहे होते है, अब प्रीपेड टास्क पूरा न करने पर सामान्य टास्क के प्रति सब्सक्राइब के सिर्फ 50 रुपये से घटा कर 5 रुपये और न्यूनतम निकासी राशि 150 रुपये कर दी जाती है।

अगली सुबह जिन्होंने प्रीपेड टास्क पूर्ण नही किया होता है उनके यहां से रिसेप्सनिस्ट का एकाउंट डिलीट दिखाई देता है और जिन्होंने पूर्ण किया उन्हे नए रिसेप्सनिस्ट का आईडी दे दिया जाता है एवं उन्हें नए VIP इन्वेस्टमेंट ग्रुप में ऐड कर दिया जाता है।

वीडियो कैंपेन में साइबर क्रिमिनल यूजर को प्रीपेड टास्क की ओर आकर्षित करना चाहता है, जो प्रीपेड टास्क में इन्वेस्ट नहीं करते है उनका रिसेप्सनिस्ट से संपर्क ब्रेक कर दिया जाता है, इस प्रकार से स्कैम करने वाली कंपनी का काला चिट्ठा यूजर के सामने आ जाता है।

वही दूसरी तरफ जो यूजर प्रीपेड टास्क में इन्वेस्टमेंट करते है वो स्कैमर के हनी ट्रैप में फसते चले चले जाते है और एक समय में बड़ा इन्वेस्टमेंट के बाद वो फ्रॉड का शिकार बन जाते है। आइए अगले पृष्ठ पर हम प्रीपेड टास्क में लोगो द्वारा बड़ा निवेश करने का कारण और प्रीपेड इन्वेस्टमेंट फ्रॉड को सच्ची घटना से समझने का प्रयास करते है।

प्रीपेड टास्क का जंजाल

Prepaid Task में इन्वेस्टमेंट कई प्रकार का होता है जैसे की क्रिप्टो करेंसी, स्टॉक मार्किट, शॉपिंग रिचार्ज कॅश बैक जैसे कई स्कीम, स्कैमर यूजर के सामने रखते है वो एक फेक इन्वेस्टमेंट ऐप्प या वेबसाइट में माध्यम से इसे अंजाम देते है। सबसे पहले स्कैमर अपने इन्वेस्टमेंट वेबसाइट/बिज़नेस की प्रमाणिकता दिखाने के लिए फेक सर्टिफिकेट और अपनी आईडी कार्ड दिखाते है जैसा कि नीचे दिखाया गया है जिससे की आपका शक यकीन में बदल जाये।



ये घटना है हैदराबाद में रहने वाली एक लड़की की जो मेडिकल की पढाई करने के लिए विदेश जाने की तैयारी कर रही थी, घर में सभी लोग खुश थे। एक दिन लड़की को व्हाट्सप्प पर पार्ट टाइम जॉब के लिए ऑफर आता है, जहाँ पर वीडियो लाइक करने के लिए 50 रुपया ऑफर किया जाता है, वो उस जॉब को करने लगती है। पैसे अकाउंट में आने लगते है, सब कुछ सच लगने लगता है। फिर उसे इन्वेस्टमेन्ट प्रीपेड टास्क के अच्छे रिटर्न्स के बारे में बताकर उसका भरोसा जितने की कोशिश की जाती है। स्कैमर के बताये गए दिशा निर्देश पर एक एप्लीकेशन पर रजिस्ट्रेशन करके इन्वेस्ट करने को कहा जाता है। लड़की थोड़ा सा पैसा इन्वेस्ट करती है और थोड़ी ही देर में बोनस के साथ पैसा लड़की के बैंक अकाउंट में क्रेडिट कर दिया जाता है, और वो काफी खुश हो जाती हैं।



इस पूरे प्रोसेस में लड़की का विश्वास जितने के लिए लड़की को टेलीग्राम में **VIP इन्वेस्टमेंट ग्रुप** में जोड़ा जाता है जहाँ 5 और लोग जुड़े होते है जो समय-समय पर किये गए इन्वेस्टमेन्ट और बोनस अकाउंट में क्रेडिट होने का स्क्रीन शॉट्स शेयर कर रहे होते है जिसे देख कर लड़की को सारा इन्वेस्टमेंट प्रोसेस बिलकुल सच सा लग रहा होता है।

वास्तविक तथ्य में ये सब हनी ट्रैप होता है, बाकी के 5 यूजर में एक यूजर **मैनेजर (या tutor)** होता है जो की इन्वेस्टमेंट का टास्क समय-समय पर ग्रुप में भेज रहा होता है और बाकी 4 यूजर फेक यूजर होते है जो अनजान यूजर बनकर तरह-तरह के प्रश्न ग्रुप में पूछते रहते है और फेक इन्वेस्टमेंट पेमेंट और अमाउंट क्रेडिट स्क्रीन शॉट समय-समय पर ग्रुप में शेयर करते रहते है जिससे की लड़की का विश्वास बना रहे।



धीरे-धीरे समय के साथ लड़की पैसा इन्वेस्ट किये जा रही थी, अब पैसा अकाउंट में डायरेक्ट क्रेडिट होने के बजाय सिर्फ इन्वेस्टमेंट ऐप्प पर दिखाई देता था। लड़की धीरे-धीरे इन्वेस्टमेंट प्रॉफिट जाल के हनी ट्रैप में फसते जा रही थी। बोनस पैसा को अपने बैंक अकाउंट में ट्रांसफर करने के लिए कुछ ऐसे डिफिकल्ट कंडीशंस इन्वेस्टमेन्ट के ऐड कर दिए जाते थे जिसे पूरा करना बहुत चुनौती भरा हो जा रहा था। परिस्थिति ऐसी बन गई की अपने दोस्तों से पैसा लोन लेने की भी नौबत आ गयी और हर एक बताई गई कंडीशन को पूरा करते-करते एक समय के बाद काफी पैसे इन्वेस्ट हो गए। अंत में जब इन्वेस्ट किये गए पैसे प्रॉफिट के साथ अपने बैंक में वापस ट्रांसफर करना चाहा तो फिर कुछ अजीब सा हुआ जिसे देखकर लड़की के होश उड़ गए। क्या ऐसा दिखा जिससे लड़की का विश्वास अब डर के शक में बदल गया, निचे दिखाए गए स्क्रीन शॉट देखे।

अब लड़की को धीरे-धीरे अहसास होने लगा कि मेरे साथ फ्रॉड हो गया, फिर भी मन में एक उम्मीद रखते हुए बिना समय गवाए लड़की ने रिसेप्शनिस्ट को मैसेज भेजा और आगे स्क्रीन शॉट देखते है क्या हुआ ?

और अंततः लड़की के काफी आग्रह करने के बाद भी उसे कोई उम्मीद नहीं दिखी और वो अपने जीवन को समाप्त कर देती है। न जाने ऐसे कितने केस हमे रोज अखबार में देखने को मिलते है जहाँ लोग तनाव में आकर अपनी जान दे देते है। (कुछ स्क्रीन शॉट्स नीचे शेयर किये गए है) ऐसे किसी भी शार्ट कट से पैसे कमाने के स्कीम से हम सभी को बचना चाहिए ।

Indian Student Committed Suicide After Becoming a Victim to a Bitcoin Scam (Report)

Author: Dimitar Dzhondzhorov • Last Updated Mar 11, 2023 @ 21:53

Hyderabad Woman Dies By Suicide After Getting Duped Of Rs 2 Lakh In Back-To-Back Job Scams

Kavitha was staying with her parents and looking for a job after the completion of her B.Pharma. She found an unlicensed investment website on the internet in May.

News / Cities / Pune / 46-year-old IT professional, a victim of Selva Nadar's 'profile investor' scam, ends life

46-year-old IT professional, a victim of Selva Nadar's 'profile investor' scam, ends life

Bhopal Suicide Case: ऑनलाइन जॉब के लिए आया ये मैसेज कर देगा कंगाल, भूपेंद्र की ऐसे गई जान, abp की इन्वेस्टिगेशन में हुआ बड़ा खुलासा

एबीपी लाइव ने इन्वेस्टिगेशन के जरिए ये पता किया है कि कैसे ऑनलाइन नौकरी के झांसे में लोगों को फंसाया जा रहा है. चंद पैसे ज्यादा कमाने के लालच में ये नकली नौकरी लोगों को जान देने पर मजबूर कर रही है.

SPECIAL REPORT

स्कैम के पीछे का सच।

यूट्यूब विडियो लाइक स्कैम अक्सर इंटरनेशनल कॉल से जुड़ा होता है

सबसे पहले वो एक्टिव व्हाट्सएप यूजर का पता करते है, जिसके बाद वो पार्ट टाइम जॉब के लिए मैसेज भेजते है।

स्कैमर का मुख्य उद्देश्य यूजर को वीडियो लाइक जॉब के माध्यम से प्रीपेड इन्वेस्टमेंट टास्क की तरफ आकर्षित करना होता है |

स्कैमर शुरुआत में 3 वीडियो के 150 रुपये भेजते है इसके बाद वो अधिक लाभ कमाने के लिए प्रीपेड टास्क के तरफ आकर्षित करते है।

प्रीपेड इन्वेस्टमेंट टास्क में एक फेक निवेश वेबसाइट बनाकर आपके पैसे में वृद्धि को दिखाया जाता है।

वेबसाइट को कुछ इस प्रकार से दिखाया जाता है, जहाँ आपके इन्वेस्टमेंट में बढ़ोत्तरी देखने को मिलती है, परंतु वास्तव में ऐसी कोई बढ़ोतरी नहीं होती है, सिर्फ आपको गुमराह और ज्यादा से ज्यादा पैसे इन्वेस्ट करने की ओर आकर्षित करने के लिए अच्छी बढ़ोतरी दिखाई जाती है।

प्रीपेड इन्वेस्टमेंट टास्क में ऐसी विषम परिस्थिति बनाई जाती है की आप ज्यादा से ज्यादा पैसे इन्वेस्ट करे और हनी ट्रैप में फसते चले जाये।

आप जब एक बड़ा अमाउंट निवेश करते है तो पैसे निकासी की लिमिट और अधिक बढ़ा दी जाती है, और सिर्फ यही नहीं, टैक्स भुगतान और अधिक प्रॉफ़िट्स के नाम पर कुछ और विषम परिस्थिति बना दी जाती है जहाँ आपको और पैसे इन्वेस्ट करने के लिए मजबूर किया जाता है। यहाँ आप सोचते है चलो इतना कर दिया तो थोड़ा और सही, और आप उनके इन्वेस्टमेंट जाल में फसते चले जाते है। अंत में जब हमे सच्चाई का पता चलता है तो अक्सर हम तनाव में आकर गलत कदम उठा लेते है।

SPECIAL REPORT

साइबर सुरक्षा टिप्स

व्हाट्सएप पर आए अनजान इंटरनेशनल नंबर से संदेश का जवाब न दे।

प्रतिपल सतर्क रहे, अनजान इंटरनेशनल नंबर से आए कॉल/ वीडियो कॉल कभी न उठाए अथवा आप ठगी के शिकार हो सकते है। बिल्कुल इनकी तरह।

https://zeenews.india.com/personal-finance/whatsapp-nude-video-call-scam-man-loses-rs-1-57-lakhs-but-gets-back-rs-1-39-lakh-check-how-2532720.html

साइबर सुरक्षा टिप्स

किसी भी अनजान व्यक्ति के बहकावे में आकर, बिना जांच पड़ताल किए किसी भी प्लेटफार्म जैसे बीट (Bit) कॉइन या क्रिप्टो करेंसी, स्टॉक मार्किट, शॉपिंग रिचार्ज/कॅश बैक, रियल एस्टेट जैसे अनजान जगह पर निवेश करने से बचे।



निवेश के लिए केवल प्रमाणित और सत्यापित वेबसाइटों का उपयोग करें।

SPECIAL REPORT

साइबर सुरक्षा टिप्स

Two-factor authentication (2FA) अवश्य लागू करे।

लागू करने के लिए विभिन्न चरणों का पालन करे:

साइबर सुरक्षा टिप्स

अनजान नंबर से आये इंटरनेशनल मैसेज और स्कैम को जरूर रिपोर्ट करे।



चैट खोलें जिसकी आप रिपोर्ट करना चाहते हैं।



नंबर को रिपोर्ट करें ।



अंत में, फिर उस नंबर को ब्लॉक करें।

साइबर सुरक्षा टिप्स

व्हाट्सएप के अन्य वर्जन को डाउनलोड ना करे अन्यथा-

- आपकी व्यक्तिगत जानकारी के दुरुपयोग होने का खतरा।
- आपकी फोटो, वीडियो के लीक होने का खतरा चाहे आपने उसे प्राइवेट ही क्यों न किया हो।
- आपकी सभी पर्सनल वीडियो कॉल को रिकॉर्ड कर बाद में ब्लैकमेल होने का खतरा।
- आपके contact number पर आपके पर्सनल जानकारी से पैसे मांगे जाने का खतरा।

GB WhatsApp,Pink WhatsApp, WHATSAPP Gold etc. किसी भी व्हाट्सएप को बाहरी सोर्स से इंस्टाल न करे।

SPECIAL REPORT

साइबर सुरक्षा टिप्स

Bank details जैसे OTP, CVV, customer ID, UPI pin इत्यादि किसी भी व्यक्ति चाहे वो बैंक का कर्मचारी ही क्यों न हो, के साथ साझा न करे।



SPECIAL REPORT

साइबर सुरक्षा टिप्स

यदि कोई भी संदेश आपको प्राप्त हो जो आवश्यक भी लगे परंतु संदेहजनक भी लगे तो आप कॉलकम से संपर्क कर उसकी जानकारी ले सकते है।

आपको यहाँ से अपने शंकाओं का समाधान मिल सकता है और साथ ही आप हमारे साथ मिलकर लोगो को सशक्त और जागरूक बनाने के लिए भी वालंटियर या इंटर्न बनकर काम कर सकते है ।

Join us as a Volunteer or Intern, Type Join and send it on WhatsApp

+91-9868189955

नि:शुल्क ऑनलाइन साइबर प्रशिक्षण

- आजकल इसी प्रकार से अनेकों साइबर अपराध तेजी से प्रसारित हो रहे, जिसे देखते हुए हमने आपके लिए बिल्कुल फ्री में साइबर प्रशिक्षण महा-अभियान चलाया है जिसमे आप ऐसे साइबर अपराध से बचने के तरीको के बारे में सीख पाएंगे।

- साथ ही एक आकर्षक सर्टिफिकेट भी प्राप्त होगा।

यदि आपने अभी तक इस प्रशिक्षण में भाग नही लिया तो एक बार अवश्य ले।

- हिंदी में साइबर प्रशिक्षण- https://forms.gle/AJajaozGwTjLPExC7

- Cyber Training in English- https://forms.gle/8LyAQPWPucn8LHir8

SPECIAL REPORT

फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

यदि आप किसी भी तरह के ऑनलाइन फ्रॉड के शिकार हो जाते है तो तुरंत ही आप सभी chat, भेजे गए डॉक्यूमेंट, और भेजे गए पैसों के स्क्रीन शॉट के साथ www.cybercrime.gov.in or 1930 पर संपर्क कर घर बैठे ही अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है।

ध्यान रखे, **ऑनलाइन शिकायत** दर्ज करने के लिए आपको **साइबर पुलिस स्टेशन जाने की जरूरत नहीं** होती है ।

शिकायत दर्ज करने के लिए यहां क्लिक करे और आगे के चरण का अनुसरण कर अपनी शिकायत दर्ज करे।

SPECIAL REPORT

UPI पेमेंट फ्रॉड होने की स्थिति में क्या करे ?

UPI के माध्यम से यदि फ्रॉड हो या गलती से किसी अन्य के UPI पर पैसे चले जाए तो उस स्थिती में आप विभिन्न चरणों का पालन कर अपने पैसे पुनः प्राप्त कर सकते है।*





Step 1- गूगल पर NPCI लिखकर सर्च करे, और वेबसाइट www.npci.org.in पर क्लिक करे।

Step 2- अब आप NPCI की होम पेज पर है, नीचे स्क्रॉल करे और consumer पर क्लिक करे।

Step 3- अब UPI पर क्लिक करे।

Step 4- नीचे स्क्रॉल करे और complaint के अंतर्गत Transaction वाले ऑप्शन पर क्लिक करे।

Step 5- अपने समस्या के अनुसार विवरण भरे । और सबमिट बटन पर क्लिक करे।

* शिकायत विलम्ब से होने की स्थिति में पैसा वापस मिलना मुश्किल हो सकता है।

SPECIAL REPORT

ऑनलाइन शिकायत दर्ज करने में समस्या आये तो उस स्थिति में क्या करे ?

अगर आपको ऑनलाइन शिकायत करने में समस्या आती है तो आप अपने शहर के नजदीकी साइबर सेल (साइबर थाना या पुलिस थाना) में भी अपनी शिकायत दर्ज कर सकते है ताकि आपको जल्द से जल्द समाधान मिल सके।

SPECIAL REPORT

फ्रॉड होने पर अपने बैंक को तुरंत सूचित करे

संबंधित बैंक में जाकर/हेल्पलाइन नंबर पर अपनी शिकायत दर्ज करे।

(नीचे कुछ बैंक के हेल्पलाइन नंबर दिए है।)

Union Bank - 1800222244

SBI- 1800 11 221

ICICI - 1860 120 777

HDFC - 1800 258 616

Axis - 1860 419 5555171

ध्यान रहे ! हेल्पलाइन नंबर कभी गूगल पर सर्च न करे, संबंधित official website से ही प्राप्त करे ।



फ्रॉड होने की स्थिति में कुछ बातो का ध्यान रखे

RBI कहता है..

फ्रॉड होने की स्थिति में अपने बैंक को तुरंत सूचित करें। अधिक जानकारी के लिए 14440 पर मिस्ड कॉल दें।

अगर आपके **बैंक खाते से किसी ने धोखे से पैसे** निकाले हैं तो इसकी सूचना तुरंत अपने बैंक को दें। जब आप बैंक को सूचित करते हैं, तो अपने बैंक से **पावती (acknowledgement)** लेना याद रखें।

यदि लेन-देन आपकी लापरवाही के कारण हुआ है, यानी आपके द्वारा अपना पासवर्ड, पिन, ओटीपी आदि साझा करने के कारण, आपको तब तक नुकसान उठाना पड़ेगा जब तक आप अपने बैंक को इसकी सूचना नहीं देते।

यदि आपके द्वारा बैंक को सूचित करने के बाद भी कपटपूर्ण लेन-देन जारी रहता है, तो आपके **बैंक को उन राशियों की प्रतिपूर्ति करनी होगी।**

यदि आप रिपोर्टिंग में देरी करते हैं, तो आपका घाटा बढ़ जाएगा और यह **आरबीआई के दिशानिर्देशों और आपके बैंक के बोर्ड द्वारा** अनुमोदित राशि **नीति के आधार पर तय किया जाएगा।**

बैंक को आपकी शिकायत प्राप्ति की तारीख से **90 दिनों के भीतर सुलझानी** होती है, अगर **समाधान न होने पर या संतोष जनक जवाब न मिलने पर** शिकायतकर्ता बैंक की **शिकायत बैंक के ओम्बड्समैन** को भी कर सकता है। इसकी जानकारी आप यहाँ से (RBI) ले सकते है। https://rbi.org.in/scripts/FAQView.aspx?Id=24

collcom
Empowering Youth through Community Service

सावधान रहें सुरक्षित रहे !

अपने मित्रों व रिश्तेदारों के साथ इस मैगज़ीन को जरूर शेयर करे।

हमसे लगातार साइबर अपडेट्स पाने के लिए इस QR कोड को स्कैन या लिंक पर डायरेक्ट क्लिक कर हमारे आधिकारिक चैनल/ग्रुप को सब्सक्राइब करे।

SUBSCRIBE

WhatsApp

Telegram

Click to Check Out some interesting video on YouTube
https://www.youtube.com/@collcom

For volunteering, Type **Join** and Send it on **WhatsApp +91-9868189955**

संस्थापक के बारे में

DR GAURAV KUMAR

(Founder and Director of CollCom, Asst Prof at Bennett University, Greater Noida)

डॉ गौरव वर्तमान में बेनेट विश्वविद्यालय (टाइम्स ग्रुप), ग्रेटर नॉएडा, उत्तर प्रदेश में कंप्यूटर इंजीनियरिंग विभाग में सहायक प्रोफेसर के पद पर कार्यरत हैं । वह एक सामाजिक उद्यमी और CollCom (कॉलेज कम्युनिटी सोशल वेंचर) के संस्थापक और राष्ट्रीय सेवा योजना बेनेट विश्वविद्यालय के कार्यक्रम अधिकारी भी है। डॉ कुमार हमारे देश के प्रतिष्ठित संस्थानों में से एक जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से कंप्यूटर विज्ञान में एम.टेक और पीएचडी पूरी की है। अपनी शिक्षा के दौरान, वह सामाजिक गतिविधियों में काफी सक्रिय थे जैसे स्लम बस्ती में बच्चों को पढ़ाना, Waste मैनेजमेंट, वृक्षारोपण अभियान, रक्त दान, स्वास्थ्य, योग और फिटनेस के लिए सभी को जागरूक करना जैसे विषय पर काफी काम किया है ।

उनके इस अथक प्रयास के लिए उन्हें विश्वविद्यालय से स्वर्ण पदक पुरस्कार और मानव संसाधन विकास मंत्रालय, भारत सरकार से सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेवी (बेस्ट वालंटियर अवार्ड) का पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया है। कोविड के समय में डॉ कुमार शांत नहीं बैठे । उन्होंने प्लाज्मा और ऑक्सीजन सपोर्ट के लिए लोगों की मदद करने का काम शुरू किया। उन्होंने देखा हर व्यक्ति बच्चा से बूढ़ा सभी लोग अपने दैनिक कार्य करने के लिए इंटरनेट पर निर्भर होते जा रहे है | जल्द ही, उन्हें इंटरनेट की दुनिया में तेजी से बढ़ रहे साइबर अपराध के बारे में जागरूकता की कमी के महत्व का एहसास हुआ। उन्होंने साइबर अपराध जागरूकता पर एक मेगा अभियान शुरू किया । उन्होंने विभिन्न स्कूलों और कॉलेजों (ऑफ़लाइन और ऑनलाइन) का दौरा करना शुरू किया और साइबर अपराध जागरूकता पर 35 से अधिक कार्यशालाएँ की । उन्होंने एक छोटा और बहुत ही अभिनव ऑनलाइन सेल्फ गाइड साइबर क्राइम अवेयरनेस ट्रेनिंग मॉड्यूल विकसित किया, जिसमें अभी तक 52,000 से अधिक लोगों ने भाग लिया और लाभान्वित हुए ।

उनका लक्ष्य अगले दो वर्षों में हमारे देश के 10 लाख लोगों को इंटरनेट की दुनिया में सशक्त बनाना है।

संपादक के संदेश..

MR. PRITESH MISHRA
(National Coordinator, CollCom)

किसी व्यक्ति के साथ फ्रॉड होने का अर्थ ये कदापि नही है की वो शिक्षित नही है, केवल सीधा सा अर्थ है वो उस बात से अनभिज्ञ / जागरूक नही था । अतः फ्रॉड होने के स्थिति में आप सबसे पहले जरा भी न घबराए, परिवार वाले डाटेंगे या मित्र क्या कहेंगे ? ये कदापि न सोचे या कोई भी गलत फैसला न ले, समय रहते यदि आप शिकायत दर्ज करवा देते है तो आपके पैसे मिलने के अवसर बढ़ जाते है ।

अब तो RBI के दिशा निर्देश के अनुसार आप फ्रॉड होने के तुरंत बाद यदि अपने संबंधित बैंक में शिकायत दर्ज कराते है तो वो आपको 90 दिन के भीतर ही आपकी समस्या सुलझा देते है। परंतु आप को यहां तक पहुंचने की आवश्यकता ही क्या है बस थोड़ी सी सावधानी के साथ आप अपने और अपने से संबंधित लोगो को साइबर अपराध से बचा सकते है ।

एक फ्रॉडस्टर आपसे OTP और pin को निकलवाने के विभिन्न तरीके अपनाता है, आप देखेंगे कि अंततोगत्वा वो आपसे पैसे की मांग करते है, चाहे वो रजिस्ट्रेशन शुल्क के रूप में हो या कंपनी से जुड़ने के आईडी कार्ड बनानी हो, बस आपको यही समझना है की किसी भी नौकरी से जुड़ने के लिए आपको किसी भी प्रकार से पैसे देने की आवश्यकता नही होती है ।

समय समय पर आपको साइबर से संबंधित जानकारी हम अपने ऑफिशियल वेबसाइट/सोशल मीडिया/यूट्यूब वीडियो के माध्यम से साझा करते रहेगें ।

जागरूक रहे सुरक्षित रहे !

सलाहकार सदस्य

Dr Anil Kumar Singh
(Asst. Professor, Jawaharlal Nehru University)

Shri Anshumali Sharma
(Ex-State Liaison Officer (SLO) NSS, Uttar Pradesh)

Dr. Sanjeev Sharma
(Associate Professor, JNU, New Delhi)

Shri Gautam Kumar
(Executive Engineer, WRD, Govt of Bihar)

Shri Amrish Kumar Niranjan
(Youth Assistant, NSS, Delhi)

Shri Sintoo Kumar
(TGT Teacher, Govt of Delhi)

Shri OP Mishra
(Entrepreneur and Director of Jetex Infotech)

Shri Ranjan Kumar
(Senior Product Manager, Microsoft)

कार्यकारी सदस्य

Dr Gaurav Kumar
(Founder and Director, CollCom)

Mr Priteesh Kumar
(Asst. Director-Collaboration, CollCom)

Shri Satya Mishra
(Asst. Director-Marketing, CollCom)

Mr Pritesh Mishra
(National Coordinator, CollCom)

Mr Sumit Kumar
(State Coordinator, CollCom)

Ms Shweta Kumari
(Social Media Head, CollCom)

WWW.COLLCOM.ORG

मैगज़ीन के पिछले संस्करण

June,2023

May,2023

April,2023

March,2023

FEB,2023

JAN,2023



DEC,2022

किसी भी मैगजीन को पढ़ने के लिए उस मैगजीन पर क्लिक करे।



पढ़ने के बाद अपना सुझाव अवश्य दे।

https://g.page/r/CZmEUz-HXMeOEAI/review